प्रेस नोट

दिनांक 09.09.2023

कार्यालय पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व

नकबजनी की घटना का खुलासा 03 नकबजन गिरप्तार

घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल जब्त

घटनाः— दिनांक 06.09.2023 को प्रार्थी श्री महेन्द्र सियाग पुत्र श्री खेताराम जाति जाट उम्र 33 साल पेशा लाईट फिटींग निवासी बाडा कला पुलिस थाना पीपाड शहर हाल प्लाट संख्या 367 लक्ष्मणनगर सी नान्दडी जोधपुर पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व ने उपस्थित थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट इस आशय कि पेश की कि दिनांक 05.09.2023 को मैं और मेरा परिवार किसी निजी कारणों से गांव गये हुये थे और मेरी पत्नी माता के थान में प्राईवेट स्कूल संचालित करती है वह प्रात 6.30 बजे स्कूल गयी। घर पर कोई नहीं था। सूना मकान देखकर कल दिनांक 05/09/2023 को प्रात 6.30 से 9.00 बजे रात्रि के बीच में चोरी हो गयी। जिसमें सोने के आभूषण करीब 25 तोला व चांदी के आभूषण करीब 2 किलोग्राम व 5000 रूपये चोरी हो गयी। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात मुलजिमान की तलाश शुरू कि गई।

कार्यवाही पुलिसः—श्रीमान् रविदत्त गौड़ पुलिस आयुक्त महोदय के द्वारा जोधपुर शहर में हो रही लगातार नकबजनी/चोरी की वारदातों की घटनाओं की गंभीरता को मध्यनजर रखते हुए वारदातों का खुलासा करने के निर्देशों की पालना में डॉ. अमृता दुहन पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व व श्रीमान नाजिम अली आरपीएस अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के निर्देशन में तथा श्रीमान पीयूष कविया आरपीएस सहायक पुलिस आयुक्त मण्डोर जोधपुर पूर्व के निकटतम सुपर विजन में मन् थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह नि0पु0 पुलिस थाना बनाड़ के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम का गठन किया जाकर टीम द्वारा आसूचना संकलन व वर्तमान में प्रयुक्त तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए पता किया गया तो घटना के समय तीन संदिग्ध व्यक्तियों का घटना के आस पास घुमने की सूचना मिलने पर उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखकर गतिविधिया संदिग्ध होने पर संदिग्ध मनीष सियाग, महेन्द्र मुण्डेल व हुकम गिरी को दस्तायाब कर पूछताछ की गई तो उक्त तीनो ने मिलकर दिनांक 05.09.2023 को प्रार्थी के मकान के ताले तोडकर पुलिस थाना बनाड़ हल्का क्षेत्र में नकबजनी की वारदात करना स्वीकार किया। उक्त तीनो को प्रकरण संख्या 302/23 की वारदात स्वीकार करने पर बाद अनुसंधान गिरफतार किया है। मुल्जिमानो से घटना प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद की जाकर प्रकरण में माल मसरूका कि बरामदगी के प्रयास व अनुसंधान जारी है।

तरीका वारदातः— मुल्जिम मनीष सियाग प्रार्थी श्री महेन्द्र के रिश्तें में भतीजा लगता है जिसका प्रार्थी के घर आना जाना है। दिनांक 04.09.2023 को मुल्जिम मनीष, प्रार्थी के घर गया था जिसे प्रार्थी के गांव जाने व प्रार्थी की पत्नी श्रीमती जमना के दिन के समय स्कूल में रहने की भलीभांति जानकारी थी। मनीष सियाग व प्रार्थी के पत्नी की भागीदारी में प्राइवेट का संचालन करता था। मुल्जिम मनीष सियाग व महेन्द्र मुण्डेल पर काफी कर्जा हो रखा है कर्जा होने से मनीष सियाग ने अपने स्कूल के साथी महेन्द्र मुण्डेल को प्रार्थी के सुने मकान की जानकारी दी तथा मुल्जिम महेन्द्र मुण्डेल अपने दोस्त हुकम गिरी को ताले तोडने के औजार सहित मोटरसाईकिल पर लेकर आया तथा तीनो मुल्जिम दिन के समय मोटरसाईकिल पर बैठकर प्रार्थी के मकान गये। प्रार्थी के मकान के बाहर मुल्जिम महेन्द्र गली में रैंकी करता रहा एवं मुल्जिम मनीष व हुकम गिरी प्रार्थी के मकान की दिवार फांदकर अन्दर घुसे तथा कमरो के ताले तोडकर अन्दर से सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये तथा उसी दिन मुल्जिामानो ने कुछ जेवरात आखलिया चौराहे के पास स्थित एक फाईनेन्स बैंक में गोल्ड लोन प्राप्त कर लिया है।

मुलजिम का नाम पताः—

1. मनीष पुत्र हुकमाराम जाति जाट उम्र 26 साल निवासी बाड़ा कल्ला पुलिस थाना पिपाड़ हाल मकान न 07 सारण नगर सी रोड़ पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर
2. हुकमगिरी पुत्र नेमगिरी जाति गोस्वामी उम्र 30 साल निवासी कुम्भा नाडा नेतड़ा थाना करवड़ जिला जोधपुर
3. महेन्द्र मुण्डेल पुत्र श्री मुल्तानाराम उम्र 26 साल निवासी गंगाणी पुलिस थाना करवड़ हाल मकान संख्या 104 लक्ष्मण नगर बी थाना बनाड़ जोधपुर

गठित टीमः—

1—श्री सुरेन्द्रसिंह नि.पु. थानाधिकारी पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
2—श्री बींजा राम सउनि पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व ग
3—श्री गंगा राम सउनि पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व
4— श्री महिपाल मीणा हैड कानि 1847 पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व
5—श्री राजेन्द्र कानि0 1870 आसूचना अधिकारी पुलिस थाना बनाड जोधपुर पूर्व।
6—श्री महेशचन्द्र कानि 1347 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व
7—श्री हनुमानसिंह बेनिवाल कानि0 2259 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व

नोटः—नकबजनी का खुलासा व आरोपीयो की दस्तयाबी में कानि राजेन्द्र सिलारी 1870., कानि हनुमानसिंह बेनिवाल 2259 व श्री महेश चन्द्र कानि 1347 पुलिस थाना बनाड़ जोधपुर पूर्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

भवदीय
एसडी/—
थानाधिकारी
पुलिस थाना बनाड़
जोधपुर पूर्व